## वचनबंध

1 मैं/हम इस आवेदन पत्र में उल्लिखित लघु अवधि के पर्सनल ऋण (**"सुविधा"**) के लिए वित्त की सुविधा हेतु आवेदन करता हूँ/करते हैं। मैं/हम यह घोषणा करता हूँ/करते हैं कि इस आवेदन पत्र में दिए/भरे गए सभी ब्यौरे एवं सूचना एवं विवरण प्रत्येक दृष्टि से सत्य, सही, पूर्ण एवं अद्यतन हैं एवं कोई भी जानकारी छिपाई नहीं गई है। मैं/हम यह समझता हूँ/समझते हैं कि इस आवेदन पत्र में दी गई सूचना DMI फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड ("**DMI**") द्वारा मुझे/हमें स्वीकृत किए जा सकने वाले ऋण का आधार बनेगी और यदि इस आवेदन को प्रोसेस करने के किसी भी स्तर पर, DMI को यह सूचना मिलती है कि मैंने/हमने कोई गलत या अपूर्ण जानकारी प्रदान किया है, दस्तावेजों की जालसाजी की है, जाली दस्तावेज़ प्रस्तुत किया है, उसे DMI मेरे/हमारे द्वारा हेर-फेर करना मानेगा और DMI के पास बिना कोई कारण बताए ऋण हेतु इस आवेदन पत्र को तत्काल अस्वीकार करने रद्द करने/किसी स्वीकृति को वापस लेने या आगे आहरण में कमी करने या आवेदन प्रोसेस करने के किसी भी स्तर पर स्वीकृत किसी ऋण को वापस लेने का अधिकार होगा और DMI एवं इसके कर्मचारी/प्रतिनिधि/एजेंट/सेवा प्रदाता ऐसी किसी भी अस्वीकृति या मुझे/हमें ऐसी किसी अस्वीकृति की सूचना विलंब से सूचित करने (मेरे द्वारा किसी वेंडर/सेवा प्रदाता को रद्द करने के पूर्व भुगतान किए गए किसी भुगतान सहित) के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

2 मैं/हम समझता हूँ/समझते हैं कि DMI अन्य स्रोतों/एजेन्टों से भी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करेगा और मुझे/हमें इसके लिए कोई आपत्ति नहीं है। मैं/हम DMI को इस आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के संबंध में DMI द्वारा आवश्यक समझने पर बैंकों से जहाँ मेरा/हमारा बैंक खाता है, के साथ इस संबंध में संदर्भ प्राप्त करने एवं पूछताछ करने के लिए अधिकृत करता हूँ।

3 मैं/हम लागू होने वाले कानून एवं DMI नीतियों के अनुसार आवश्यकतानुसार KYC के उद्देश्यों सहित सुविधा प्राप्त करने के उद्देश्यों से आधार कार्ड/विवरणों का इस्तेमाल करने की स्वैच्छिक सहमति प्रदान करता हूँ/करते हैं। मैं/हम DMI को अपने/हमारे आधार विवरण, पैन सं./मेरे/हमारे पैन कार्ड की प्रति, अन्य पहचान प्रमाण एवं बैंक खाते का विवरण समय-समय पर प्राप्त करने, अन्य बैंकों/वित्तीय संस्थानों/सिबिल आदि से मेरे/हमारे ऋण के विवरणों एवं पुनर्भुगतान इतिहास का विनिमय करने, सौंपने/साझा करने एवं समय-समय पर आवश्यकतानुसार सिबिल, एक्सपेरियन, हंटर आदि रिपोर्ट प्राप्त करने/तैयार करने की सहमति प्रदान करता हूँ/करते हैं और DMI को इस सूचना का इस्तेमाल करने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराऊँगा/ठहराएँगे। मैं/हम DMI को स्पष्ट रूप से एवं अपरिवर्तनीय रूप से मेरी/हमारी व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित कोई पहलू प्रत्यक्ष रूप से या किन्हीं अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से संग्रह करने, इकट्ठा करने, साझा करने, प्राप्त करने एवं प्रमाणित करने या उसके एजेन्टों/कान्ट्रैक्टरों/सेवा प्रदाताओं को बताने एवं इस जानकारी को KYC के सत्यापन, सुविधा प्रदान करने एवं DMI द्वारा इसके व्यवसाय के आंतरिक मूल्यांकन के उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने हेतु अधिकृत करता हूँ/करते हैं। अधिक विवरण के लिए कृपया यहाँ https://www.dmifinance.in/privacy-policy.html क्लिक करें।

4 मैं/हम एतद द्वारा लागू कानूनों के तहत और डीएमआई (DMI) नीतियों के अनुसार आवश्यक उद्देश्यों के लिए सीईआरएसएआई (CERSAI) से सीकेवाईसी (CKYC) प्राप्त करने के प्रयोजनों के लिए पैन या आधार कार्ड/विवरण के उपयोग के लिए स्वेच्छा से मेरी/हमारी सहमति देते हैं। मैं/हम एतद द्वारा नीति के अनुसार उपयोग के लिए समय-समय पर मेरे आधार विवरण, पैन नंबर/मेरे/हमारे पैन कार्ड की प्रति, अन्य पहचान प्रमाण और बैंक खाता विवरण प्राप्त करने के लिए डीएमआई को अपनी सहमति देते हैं और डीएमआई को इस जानकारी का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराएंगे। मैं/हम एतद द्वारा स्पष्ट रूप से और अपरिवर्तनीय रूप से डीएमआई (DMI) को मेरी/हमारी व्यक्तिगत जानकारी के किसी भी पहलू को सीधे सीईआरएसएआई (CERSAI) से एकत्र करने, संग्रहीत करने, साझा करने, प्राप्त करने और प्रमाणित करने के लिए अधिकृत करता हूं/करते हैं और अपने एजेंटों/ठेकेदारों/सेवा प्रदाताओं को ऐसी जानकारी का खुलासा करता हूं/करते हैं और ऐसी जानकारी का उपयोग केवाईसी (KYC) प्रमाणीकरण के उद्देश्य, सुविधा प्रदान करने और अपने व्यवसाय के डीएमआई (DMI) द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के लिए करने के लिए भी खुलासा करता हूं।.

5 मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं और पुष्टि करते हैं कि इस आवेदन पत्र में मेरे/हमारे द्वारा सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रदान किया गया मोबाइल नंबर मेरे/हमारे आधार से जुड़ा हुआ है/हैं।

6 मैं/हम टेलीफ़ोन कॉल, या आवेदन पत्र और साथ ही इस वचनबंध में उल्लेखित मेरे मोबाइल नंबर पर एसएमएस/व्हाट्सऐप द्वारा, या किसी अन्य संचार विधा द्वारा लेन-देन संबंधी जानकारी, विभिन ऋण ऑफर योजनाओं या ऋण के प्रचार संबंधी योजनाओं या किसी अन्य प्रचार योजनाओं के बारे में जानना चाहूँगा जिसकी जानकारी DMI मुहैया करा सकता है और एतद द्वारा DMI एवं उनके कर्मचारी, एजेंट, सहायकों को ऐसा करने हेतु अधिकृत करता हूँ/करते हैं। मैं यह पुष्टि करता हूँ कि "राष्ट्रीय डू नॉट कॉल रजिस्ट्री" ("NDNC रजिस्ट्री") में उल्लिखित अप्रार्थित संचार के संबंध में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (**TRAI**) द्वारा यथा निर्धारित कानून DMI, इसके कर्मचारी, एजेंट, सहायकों से प्राप्त ऐसे संचार/कॉल/ एसएमएस/व्हाट्सऐप संदेशों के लिए लागू नहीं होगा।

7 मैं/हम यह स्वीकार करता हूँ/करते हैं कि सोर्सिंग पार्टनर और DMI एक दूसरे से स्वतंत्र हैं और DMI द्वारा स्वीकृत/संवितरित नहीं किए गए सोर्सिंग पार्टनर द्वारा व्यवस्थित/प्रदान किए गए किसी ऋण या अन्य सुविधा के लिए DMI के प्रति कोई दावा नहीं करूँगा/करेंगे। मैं यह स्वीकार करता हूँ कि DMI किसी उत्पाद या सेवा के संबंध में किसी भी प्रकार से प्रतिनिधित्व, वादा, कथन या समर्थन नहीं करता है जिसे सोर्सिंग पार्टनर द्वारा प्रदान किया गया हो और इसके लिए वह किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

8 मैं/हम समझता हूँ/समझते हैं कि मेरे/हमारे पास इस आवेदन पत्र में यथा आवश्यक जानकारी या DMI द्वारा समय-समय पर यथा आवश्यक जानकारी प्रदान नहीं करने का विकल्प है बशर्ते कि इस विकल्प का इस्तेमाल करने पर DMI के पास स्वीकृति को रद्द करने या GC की शर्तों के अनुसार बकाया राशि के पुनर्भुगतान का माँग करने का अधिकार होगा।

9 मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने इस आवेदन पत्र के संबंध में मेरे/हमारे आवेदन पत्र को प्राप्त करने वाले व्यक्ति को नकद में/धारक चेक के माध्यम से या इसके साथ किसी अन्य विधि से कोई भुगतान नहीं किया है। मैं/हम DMI या उसके कर्मचारियों/प्रतिनिधियों/एजेन्टों/सेवा प्रदाताओं को मेरे/हमारे द्वारा इस आवेदन पत्र को प्राप्त करने वाले व्यक्ति को किए गए किसी भी भुगतान के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराऊँगा/ठहराएँगे।

10 मैं एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी सकल घरेलू आय प्रति माह 25,000 से अधिक है**।

11 मैं एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं न तो राजनीतिक संगठन में कोई पद धारण कर रहा हूं और न ही अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हूं।

12 **मैं/हम पुष्टि करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने आवेदन पत्र की शर्तों को समझ लिया है।**

**परिवार का अर्थ है एक व्यक्तिगत पारिवारिक इकाई, अर्थात पति, पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे.